भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1551
(जिसका उत्तर सोमवार, 1 जुलाई, 2019/10 आषाढ़, शक, 1941 को दिया जाना है)

मुद्रा का परिचालन

1551. श्री रामप्रीत मंडलः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विमुद्रीकरण के कार्यान्वयन के बाद पिछले वर्षों की तुलना में मुद्रा का परिचालन बढ़ गया है;

(ख) यदि हां, तो विमुद्रीकरण के शुरुआत में और मार्च, 2019 के अंत तक, देश में मुद्रा-परिचालन का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मुद्रा-परिचालन में वृद्धि के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों की संभावनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)

(क) और (ख): जी हां। नबंवर 2016 से परिचालन में करेंसी में वृद्धि हुई है। 4 नबंवर 2016 की स्थिति के अनुसार नोटों का कुल मूल्य 17,741 बिलियन रुपये था। 29 मार्च, 2019 के अनुसार परिचालन में करेंसी का मूल्य 21,137.64 बिलियन रुपये था।

(ग): आर्थिक समीक्षा 2016-17 –खंड-I में उल्लेख है कि दुनियाभर में नकदी और गलत कार्य-कलापों के बीच गहरा रिश्ता पाया जाता है: ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के आकलन के अनुसार परिचालन में नकदी जितनी अधिक होगी, भ्रष्टाचार उतना ही अधिक होगा।

******